गूगल के साथ नवाचार को बढ़ावा देने पर विचार

सीएम डॉ. मोहन यादव आज गूगल के वरिष्ठ प्रतिनिधियों से करेंगे रणनीतिक चर्चा

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 19 मई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मप्र और गूगल के बीच दीर्घकालिक तकनीकी साझेदारी, उन्नत क्लाउड तकनीकों और एआई आधारित समाधानों के उपयोग पर 20 मई को भोपाल में गूगल के वरिष्ठ प्रतिनिधियों के साथ उच्च स्तरीय रणनीतिक चर्चा करेंगे.

साथ ही डिजिटल गवर्नेंस को अधिक प्रभावी बनाने, जनसेवाओं को सरल एवं सुगम बनाने और तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देने पर भी मीटिंग में विचार किया जाएगा. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के समन्वय से आयोजित यह बैठक मध्यप्रदेश में एआई आधारित डिजिटल परिवर्तन, स्मार्ट गवर्नेंस और तकनीक आधारित विकास को नई दिशा प्रदान करेगी. बैठक में गूगल क्लाउड इंडिया के निदेशक पब्लिक सेक्टर आशीष वाट्टल, एपीएसी क्षेत्र के निदेशक स्ट्रेटेजिक एंगेजमेंट्स मदन ओबेरॉय सहित सिंगापुर से गूगल क्लाउड के वैश्विक प्रतिनिधि, हेल्थकेयर एआई एवं डिजिटल अवसंरचना विशेषज्ञ और राज्य शासन के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की मौजूदगी में होने वाली इस बैठक में सिंहस्थ -2028 के तकनीक आधारित प्रबंधन, स्मार्ट भीड़ प्रबंधन, एआई आधारित स्मार्ट पुलिसिंग,डेटा आधारित निगरानी, अधिक प्रभावी नागरिक सेवा विकास को प्राथमिकता दी जाएगी. स्वास्थ्य क्षेत्र में एआई आधारित रोग पहचान और डेटा आधारित निर्णय प्रणाली, कृषि में किसानों को डिजिटल सेवाओं की बेहतर पहुंच और शिक्षा क्षेत्र में एआई आधारित शिक्षण और कौशल विकास पर भी विचार किया जाएग. बैठक में एआई स्किलिंग, एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, स्टार्ट-अप इको सिस्टम और पर्यावरण संरक्षण के लिए उन्नत तकनीकों के उपयोग की संभावनाओं पर भी चर्चा होगी.

वीडी शर्मा हुए बैठक में शामिल

भोपाल. एक राष्ट्र, एक चुनाव की महत्वपूर्ण बैठक में शामिल हुए खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा शामिल हुए. संविधान (129वां संशोधन) विधेयक, 2024 और संघ राज्य क्षेत्र कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 पर संयुक्त समिति के अध्ययन दौरे में मंगलवार गांधीनगर (गुजरात) में बैठक आयोजित की गई.

प्रदेश में 90 लाख मीट्रिक टन से अधिक गेहूं का उपार्जन

भोपाल, 19 मई. खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया है कि अभी तक 12 लाख 30 हजार 426 किसानों से 90 लाख 8 हजार 469 मीट्रिक टन गेहूँ की खरीदी की जा चुकी है. उन्होंने बताया है की तौल पर्ची बनाने का समय शाम 6 बजे से बढ़ाकर रात 10 बजे तक तथा देयक जारी करने का समय रात 12 तक कर दिया गया है. गेहूंका उपार्जन सप्ताह में 6 दिन सोमवार से शनिवार तक किया जा रहा है.

राजपूत ने बताया कि किसानों को 18 हजार 707 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है. उपार्जित गेहूँ में से 78 लाख 52 हजार 546 मीट्रिक टन का परिवहन किया जा चुका है. किसानों से 2585 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य एवं राज्य सरकार द्वारा 40 रुपये प्रति क्विंटल बोनस राशि सहित 2625 रुपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूँ का उपार्जन किया जा रहा है. राजपूत ने बताया है कि गेहूँ उपार्जन 23 मई 2026 तक किया जायेगा. प्रत्येक उपार्जन केन्द्र पर तौल कांटों की संख्या 4 से बढ़ाकर 6 की गई तथा तौल कांटों की संख्या में वृद्धि का अधिकार जिलों को दिए जाने का निर्णय लिया गया.

प्रदेश में आज बंद रहेंगी 40 हजार दवा दुकानें

नवभारत प्रतिनिधि

भोपाल, 19 मई. प्रदेश समेत देश भर में बुधवार को दवा दुकानों पर हड़ताल रहेगी. जिसके चलते प्रदेश भर में 20 मई को करीब 40 हजार दवा दुकानें बंद रहने का अनुमान है. वहीं देश भर में करीब साढ़े 12 लाख से अधिक दुकानें बंद रहेंगी. जिससे स्वास्थ्य सेवा पर गहरा असर पड़ सकता है. बता दें ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स और ड्रगिस्ट्स ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में यह हड़ताल करने जा रहे हैं. जिसको लेकर भोपाल केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेंद्र धाकड़ ने बताया सभी दवा व्यवसायी इस दवा बंद में शामिल हो रहगे हैं. उन्होंने कहा कि यह मुद्दा आम लोगों की सेहत से जुड़ा है। अगर घर-घर पहुंच रही ऑनलाइन दवाओं की गुणवत्ता और निगरानी को लेकर स्पष्ट सिस्टम नहीं तय हो पा रहा तो यह चिंता का विषय है। उन्होंने बताया ऑनलाइन तरीके से नकली, एक्सपायरी और गलत दवाओं के की पहुंच लोगों तक बढ़ रही है. जिससे उनके स्वास्थ्य बिगड़ने और जान की जोखिम भी बड़ रही है. साथ ही उन्होंने बताया कि अस्पतालों के अंदर संचालित मेडिकल स्टोर्स को मुक्त रखेंगे, ताकि मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

ये हैं प्रमुख मांगें

- नकली और बिना निगरानी वाली दवाओं पर कार्रवाई
- कॉरपोरेट कंपनियों द्वारा भारी डिस्काउंट पर रोक
- ऑनलाइन दवा बिक्री पर सख्त नियंत्रण

31 बिजली समस्याओं का हुआ निराकरण

बैरसिया. मप्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा सोमवार को ग्राम सागोनी कला में शिविर लगाकर उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी शिकायतों का समाधान किया. शिविर में 31 लोगों ने बिजली संबंधी सेवाओ एव समस्याओं के समाधान हेतु आवेदन दिए. कंपनी के प्रबधक हेमंत डेहरिया एव जेई संघर्ष पाराशर ने उनका समाधान किया. जेई पराशर ने बताया कि 22 मई को कडैया शाह एव 25 मई को बैरसिया शहर की वार्ड 12 में बिजली समस्या शिविर आयोजित होगा.

डेढ़ करोड़ से अधिक के मादक पदार्थ जब्त

प्रदेशभर में नशा तस्करों पर शिकंजा

विशेष संवाददाता

भोपाल, 19 मई. पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा के निर्देश पर मध्यप्रदेश पुलिस ने प्रदेशभर में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। पिछले दो दिनों में विभिन्न जिलों में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 1 करोड़ 56 लाख रुपये से अधिक कीमत के अवैध मादक पदार्थ और वाहन जब्त किए हैं. अनूपपुर जिले के रामनगर थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर फुलवारीटोला मार्ग पर नाकाबंदी कर एक संदिग्ध वाहन को रोका। चालक ने भागने का प्रयास किया, लेकिन वाहन पेड़ से टकरा गया. पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर कार से 225 किलो 740 ग्राम गांजा बरामद किया. गांजा और कार सहित करीब 1 करोड़ 13 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की गई. आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है.

मंदसौर जिले के नारायणगढ़ थाना पुलिस ने भांगी पिपलिया-चौथखेड़ी रोड पर कार्रवाई करते हुए एक वाहन से 402 किलो डोडाचूरा बरामद किया. पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर डोडाचूरा, स्कॉर्पियो-एन वाहन और मोबाइल फोन सहित 33 लाख रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की. नीमच जिले में जावद-नयागांव रोड स्थित ढाबा माता पुलिया के पास पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार कर 1 किलो 784 ग्राम अफीम जप्त की.

भोपाल. बोगदा पुल रोड़ से जिंसी चौराहे की तरफ जाने वाले मार्ग पर फुटपाथ के दोनों तरफ पेवर ब्लॉक लगाने का काम किया जा रहा है. फुटपाथ पर इस काम के होने से आवागमन में लोगों को सुविधा मिलेगी और शहर का सौन्दर्यीकरण होगा.

आदतन अपराधी 6 माह के लिए जिलाबदर

रायसेन, 19 मई. जिला मजिस्ट्रेट अरूण कुमार विश्वकर्मा ने पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन पर मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के अंतर्गत विभिन्न अपराधों में आरोपी राहुल बेदी पिता रतन सिंह बेदी, ग्राम पठारी थाना कोतवाली को 6 माह के लिए रायसेन जिला तथा रायसेन जिले के सीमावर्ती जिलों की सीमाओं से निष्कासित कर दिया है. आरोपी 2017 से आपराधिक कृत्य में लिप्त है. आरोपी के विरूद्ध अपराधों में 9 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध हैं. आरोपी राहुल बेदी को जिलाबदर करने संबंधी पारित आदेशानुसार जिला रायसेन एवं जिला रायसेन के सीमावर्ती जिला भोपाल, विदिशा आदि शामिल हैं.

अब दलितों, पिछड़ों की लड़ाई लड़ेगा अपना दल एस

स्वागत समारोह सह संगठनात्मक महामंथन राजधानी में आज

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 19 मई. मप्र में पिछड़ों, दलितों और शोषितों की आवाज को और बुलंद करने उनके हक की लड़ाई लड़ने अब अपना दल एस भी मैदान में होगा. पार्टी 20 मई को भोपाल में वर्तमान राष्ट्रीय पदाधिकारी, पूर्व प्रदेश एवं जिला कार्यकारिणी बैठक सह स्वागत समारोह का आयोजन करेगा, जिसमें पार्टी के राज्य और जिला स्तर के पदाधिकारी हिस्सा लेंगे.

यह जानकारी मंगलवार को पार्टी के नवनियुक्त कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष मान सिंह बिसेन ने पत्रकार वार्ता के दौरान दी. उन्होंने बताया कि केंद्रीय मंत्री व पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल के पदचिन्हों पर चलते हुए सूबे के वंचित समाज की लड़ाई को एक नई धार देने की कोशिश की जाएगी. पत्रकार वार्ता में मौजूद राष्ट्रीय महासचिव व मप्र प्रभारी आरबी. सिंह पटेल ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री बहन अनुप्रिया पटेल ने हमेशा सड़क से लेकर संसद तक पिछड़ों, दलितों और आदिवासियों के हक की प्रामाणिक लड़ाई लड़ी है. नीट परीक्षा में ओबीसी आरक्षण को लागू करवाना हो या केंद्रीय विद्यालयों और नवोदय विद्यालयों में पिछड़े वर्ग के छात्रों को उनका हक दिलाना, अनुप्रिया जी के प्रयासों से ही यह संभव हो पाया है. मध्य प्रदेश की धरती पर भी हम इसी संकल्प को आगे बढ़ाने आ रहे हैं. भोपाल की यह बैठक सूबे के शोषितों को उनका जायज हक दिलाने की दिशा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित होगी. हम मप्र के कोने-कोने में अनुप्रिया पटेल के सामाजिक न्याय के संदेश को पहुंचाएंगे. इस दौरान मान सिंह बिसेन ने कहा, राजधानी में होने जा रहा यह कार्यक्रम केवल एक बैठक या स्वागत समारोह नहीं है, बल्कि यह मध्य प्रदेश की राजनीति में एक नए युग की शुरुआत है. इस बैठक के माध्यम से हम संगठन विस्तार और भविष्य की रणनीतियों का ब्लूप्रिंट तैयार करने जा रहे हैं. बहुत जल्द मप्र के सभी जिलों और बूथ स्तर तक मजबूत कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा. हमारा लक्ष्य स्पष्ट है, गांव, गरीब, किसान और आदिवासी समाज के बीच जाकर उनकी समस्याओं को उठाना और सड़क से लेकर शासन तक उनके लिए संघर्ष करना. हम कार्यकर्ताओं में एक नई ऊर्जा फूंकने के लिए पूरी तरह तैयार हैं.

भारत स्काउट एवं गाइड के चुनाव कराने के निर्देश

नव भारत न्यूज

भोपाल, 19 मई. भारत स्काउट एवं गाइड के राष्ट्रीय मुख्यालय ने मध्यप्रदेश में राज्य स्तरीय स्काउट गाइड चुनाव कराने के निर्देश जारी किए है. इसके तहत वर्तमान राज्य कमिश्नर को 18 जून के पहले चुनाव कर स्काउट गाइड के गतिविधि संविधान अनुसार संचालित करने का कहा गया है.

मध्यप्रदेश भारत स्काउट एवं गाइड के चुनाव काफी लंबे समय से नहीं हुए है. यही कारण है कि भारत स्काउट गाइड के नेशनल हेड क्वार्टर से मध्यप्रदेश के स्काउट गाइड चीफ कमिश्नर एवं पूर्व मंत्री पारस जैन को 18 जून के पहले राज्य स्काउट गाइड के चुनाव हर हाल में कराने के निर्देश दिए हैं. भारत स्काउट एवं गाइड नेशनल हेड क्वार्टर ने पत्र मध्य प्रदेश स्काउट गाइड श्यामला हिल्स भोपाल के नाम जारी किया है. स्काउट गाइड नेशनल हेड क्वार्टर की संचालक दर्शाना रावस्कर के हस्ताक्षर से जारी पत्र में स्पष्ट उल्लेख है कि 18 जून के पहले चुनाव कराकर हेड क्वार्टर को सूचित करें. ध्यान रहे कि स्काउट एवं गाइड के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल कुमार जैन एवं राष्ट्रीय कमिश्नर सेवानिवृत्त आईएएस के. के. खंडेलवाल है.

राज्य सचिव को भी हटाया

प्रदेश के स्कूल शिक्षा विभाग ने सहायक संचालक धीरेंद्र कुमार मिश्रा को राज्य सरकार ने स्काउट एवं गाइड का नया राज्य सचिव नियुक्त किया है. इसके पूर्व बीएल शर्मा राज्य सचिव थे, उन्हें हटाया गया है. बताया जा रहा है कि प्रदेश में राज्य स्काउट एवं गाइड जो सेवा, संस्कार, सामाजिक सरोकार, अनुशासन और प्रतिबद्धता का पाठ बच्चों की सिखाती है. उसमें स्काउट एवं गाइड आंदोलन पिछले कुछ वर्षो से बहुत पिछड़ गया है. इसको देखते हर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्काउट आंदोलन को फिर से बच्चों को जोड़ने एवं समाज में सेवा, संस्कार और अनुशासन को बढ़ावा देने के लिए बदलाव करना शुरू कर दिया है.

बिजली बिल वसूली में नहीं करें कोताही

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कंपनी के कार्यों की समीक्षा में दिए निर्देश

भोपाल, 19 मई. कंपनी की आय बढ़ाने के लिये आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें. बिजली बिलों की वसूली में कोताही नहीं करें, लेकिन शुरूआत बड़े उपभोक्ताओं से करें. आवश्यकता अनुसार कॉलोनियों में वसूली शिविर भी लगायें. ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने यह निर्देश मंत्रालय में मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी के कार्यों की समीक्षा के दौरान दिये. तोमर ने कहा कि खराब स्थानों पर उल्लेखनीय कार्य करने वाले अधिकारियों को बेहतर पोस्टिंग दें. इससे अच्छा कार्य करने वाले अधिकारियों को प्रोत्साहन मिलेगा. उन्होंने कहा कि अवैध कॉलोनियों में विद्युतीकरण के लिये कार्य-योजना बनायें.

बैठक में बताया गया कि स्मार्ट

मीटर लगने से बिजली बिल भुगतान में सुधार आया है. मध्य क्षेत्र में 10 लाख 60 हजार स्मार्ट मीटर लगाये जा चुके हैं. तोमर ने कहा कि इस बात की सतत समीक्षा करें कि जिस क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाये जा चुके हैं, वहाँ बिजली बिलों के भुगतान की स्थिति में कितना सुधार हुआ है

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि ट्रांसफार्मर फेल्योर की संख्या कम से कम करें. ट्रांसफार्मर फेल्योर की जानकारी नहीं देने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही भी करें. उन्होंने ट्रिपिंग कम करने पर जोर देते हुए कहा कि दो फीडर आदर्श के रूप में चयनित करें और सभी जरूरी उपाय करके यह देखें कि ट्रिपिंग कैसे कम की जा सकती है. मंत्री श्री तोमर ने कहा कि नगर पंचायत स्तर पर रात में बिजली सुधार कार्यों के लिये टीम की व्यवस्था करें. सामग्री की गुणवत्ता पर कोई समझौता नहीं होना चाहिये. उन्होंने आरडीएसएस और एसएसटीडी योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों को समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिये. आगामी बरसात में व्यवधान आने पर तुरंत विद्युत आपूर्ति बहाल करने की व्यवस्था सुनिश्चित करने की तैयारी अभी से कर

देवास पटाखा फैक्ट्री ब्लास्ट केस में बड़ी गिरफ्तारी, जांच जारी

देवास, 19 मई.देवास के टोंककला पटाखा फैक्ट्री ब्लास्ट मामले में एसआईटी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी मुकेश विज के भाई कपिल विज को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया.

हादसे में 6 लोगों की मौत हुई थी, जिसके बाद से एसआईटी लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी थी. जांच में सामने आया कि फैक्ट्री संचालन में कपिल विज की भी अहम भूमिका थी. घायल कर्मचारियों, फैक्ट्री स्टाफ और अन्य आरोपियों से पूछताछ के बाद उसका नाम सामने आया, जिसके बाद उसे मामले में छठा आरोपी बनाया गया.

एसआईटी की टीम पिछले कई दिनों से दिल्ली में अलग-अलग ठिकानों पर दबिश दे रही थी. मंगलवार को निगरानी और जांच के बाद कपिल विज को पकड़ लिया गया. उसे दिल्ली से देवास लाया जा रहा है और पूछताछ जारी है. जांच एजेंसियों के मुताबिक, मुख्य आरोपी मुकेश विज फिलहाल चीन में छिपा हुआ है. बताया जा रहा है कि वह पटाखे बनाने की मशीनें लेने वहां गया था. पुलिस उसकी तलाश में जुटी है. देवास एसपी पुनित गहलोत ने कहा कि मामले की जांच तेजी से आगे बढ़ रही है और मुख्य आरोपी को भी जल्द गिरफ्तार करने की उम्मीद है. इससे पहले प्रशासन ने मामले में लापरवाही के आरोप में एसडीएम संजीव सक्सेना, नायब तहसीलदार रवि शर्मा, एसडीओपी दीपा मांडवे और टोंककला चौकी प्रभारी रमनदीप हुंडल को सस्पेंड कर दिया था.

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का आरोप- भाजपा के मंत्री सत्ता की लड़ाई में उलझे

भोपाल, 19 मई. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि भाजपा सरकार के भीतर मचा घमासान अब सार्वजनिक रूप से सामने आने लगा है. प्रदेश की जनता जिन समस्याओं से जूझ रही है, उन पर ध्यान देने के बजाय भाजपा के मंत्री, विधायक और नेता आपसी संघर्ष, आरोप-प्रत्यारोप और सत्ता की लड़ाई में उलझे हुए हैं. यह स्थिति स्पष्ट करती है कि मोहन यादव सरकार पूरी तरह अंतर्विरोध और अंतर्कलह की शिकार हो चुकी है.

पटवारी ने कहा कि अलीराजपुर में एक मंत्री द्वारा दूसरे मंत्री पर 'शराब कारोबारी' होने का आरोप लगाया जाना भाजपा सरकार के नैतिक पतन को दर्शाता है. वहीं इंदौर में भाजपा विधायक स्वयं अपनी ही पार्टी के महापौर को विफल बताते हुए धरना और आंदोलन की धमकी दे रहे हैं. उज्जैन में भाजपा विधायक द्वारा नेतृत्व पर षड्यंत्र रचने और जमीन हड़पने जैसे गंभीर आरोप लगाए जाना यह साबित करता है कि भाजपा के भीतर भ्रष्टाचार और सत्ता संघर्ष चरम पर पहुंच चुका है. पटवारी ने कहा कि भाजपा सरकार का असली 'रिपोर्ट कार्ड' अब विपक्ष नहीं, बल्कि भाजपा के अपने नेता, विधायक और मंत्री ही जनता के सामने रख रहे हैं. ढाई साल की भाजपा सरकार ने मध्यप्रदेश को विकास नहीं, बल्कि ढाई लाख समस्याएं दी हैं. प्रदेश में बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, महिला अत्याचार, किसान संकट, शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था की बदहाली लगातार बढ़ रही है, लेकिन सरकार आपसी लड़ाई में व्यस्त है. भाजपा नेताओं के लिए अब जनहित नहीं, बल्कि निजी स्वार्थ और सत्ता बचाने की राजनीति सबसे बड़ा विषय बन चुकी है.

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है पूर्व में मेरा नाम RAUT GHOSHANA LALAJI था जिसे बदल कर GHOSHANA KAILASH SAKHARE कर दिया गया है। मुझे GHOSHANA KAILASH SAKHARE W/O KAILASH SAKHARE नाम से जाना पहचाना जाऐं।

सही नाम :
घोषणा कैलाश साखरे
वार्ड नं.23, दीनदयाल पुरम,
एलआईजी II, बालघाट -481001

नाम परिवर्तन

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मैं राज कुमार निवासी ग्राम-राला, तहसील- नसरूल्लागंज जिला सीहोर म.प्र. यह घोषणा करता हूं कि मेरी पुत्री प्रेक्षा यादव के स्कूल रिकार्ड में मेरा नाम गलती से राजकुमार यादव अंकित हो गया है जबकि मेरा सही नाम राज कुमार है. भविष्य में मुझे सभी सरकारी एवं गैर- सरकारी दस्तावेजों में मेरे सही नाम राज कुमार के नाम से ही जाना और पहचाना जाए.

नाम परिवर्तन

पूर्व में मेरा नाम उपनाम शान्या मनिहार था, जो वर्तमान में परिवर्तित होकर शान्या खान हो चुका है और वर्तमान में मुझे शान्या खान के नाम से जाना जाता है. शान्या खान D/O इसरार अहमद प्राणपुर तहसील चंदेरी, जिला अशोकनगर मध्य प्रदेश

पश्चिम मध्य रेल

ई-निविदा आमंत्रण सूचना
विद्युत लोको शेड, इटारसी, विद्युत विभाग (टी.आर.एस.)
ई-निविदा आमंत्रण सूचना क्र:- इटी/टीआरएस/डब्ल्यूसी/03/26-27 दिनांक: 15-05-2026
वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (टी.आर.एस.), विद्युत लोको शेड, पश्चिम मध्य रेल, न्यू यार्ड, इटारसी, भारत के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए उनके सामने दर्शाई गई दिनांक 15.06.2026 को 15.00 बजे तक ई-टेन्डर निम्नानुसार आमंत्रित करते हैं। **ई-निविदा क्रमांक:** इटी/टीआरएस/डब्ल्यूसी/03/26-27, **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** रिपेयर/रीकंडीशनिंग ऑफ आक्जीलरी मोटर ऑफ 3 फेज इलेक्टिक लोकोमोटिव, **निविदा की अनुमानित लागत Rs.:** 2,57,02,078.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य Rs.:** निल, **बयाना राशि Rs.:** 5,14,100/-, **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 36 (छत्तीस) माह, **ई-निविदा जमा करने की तिथि एवं समय:** 15/06/2026 समय 15.00 बजे तक। नोट:- 1. ई-निविदा प्रपत्र एवं ई-निविदा से संबंधित पूर्ण जानकारी बेवसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं कार्यालय वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर, (टी.आर.एस.), इटारसी के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है। 2. निविदा क्रमांक इटी/टीआरएस/डब्ल्यूसी/03/26-27 के "मिनिमम एलिजिबिलिटी क्राईटेरिया" के लिए "डेफिनेशन ऑफ सिमिलर नेचर वर्क" इस प्रकार है- "मैन्युफैक्चर एंड सप्लाई/रिवाइंडिंग/रिपेयर/रिहैबिलिटेशन/ओवरहॉलिंग ऑफ वेरियस कैपेसिटीस ऑफ ए.सी. मोटर्स ऑफ इलेक्ट्रिक/डीजल लोकोमोटिव्स/ईएमयू'स/एमईएमयू'स/डीईएमयू'स."

हस्ता.
कृते वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर,
विद्युत लोको शेड, पमरे, इटारसी

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

बैरसिया थाने में पुलिस अफसरों ने सुनीं शिकायतें

बैरसिया, 19 मई. पुलिस अधीक्षक (देहात) पंकज कुमार पाण्डेय द्वारा जिले में लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण हेतु समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देश जारी किये गये हैं. इसके पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. नीरज चौरसिया के मार्गदर्शन में एसडीओपी बैशाली करहलिया एवं थाना प्रभारी वीरेंद्र सेन ने थाना बैरसिया परिसर में मंगलवार को सीएम. हेल्पलाइन शिकायत निवारण शिविर आयोजित

किया गया. शिविर के दौरान 25 शिकायतकर्ताओं ने अपनी समस्याएं एवं शिकायतें दर्ज कराईं.

पुलिस अफसरों ने शिकायतकर्ताओं से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा संबंधित शिकायतों की गुणवत्तापूर्ण शीघ्र निराकरण हेतु आवश्यक कार्यवाही की गई. भोपाल देहात पुलिस द्वारा आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं बेहतर पुलिसिंग के उद्देश्य से इस प्रकार के शिविर लगातार आयोजित किये जा रहे हैं,

कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति हेतु) नियम 8 (1)

क्योंकि अधोहस्ता. आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइल हाउसिंग फाइनेंस लि.) (आईआईएफएल एचएफएल) के सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन आफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के तहत व सिक्योरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम, 2002 के नियम 3 के सहपठित सेक्शन 13 (12) के तहत शक्तियों के पालन में कंपनी के प्रा. अधिकारी के निम्न देनदारों/सह-देनदारों को उक्त नोटिस प्राप्ति तिथि से 60 दिनों के भीतर नोटिस में कथित राशि चुकाने को कहा था. देनदार राशि नहीं चुका सके, अत: देनदारों व जनता को सामान्यतया नोटिस दी जाती है कि अधोहस्ता. ने उक्त नियमों के नियम 8 के सहपठित उक्त एक्ट की सेक्शन 13 (4) के तहत शक्तियों के पालन में निम्न संपत्ति का कब्जा ले लिया है. देनदारों व जनता को संपत्ति से लेनदेन नहीं करने को आगाह किया जाता है व संपत्ति से कोई भी लेनदेन निम्न राशि व उस पर ब्याज हेतु आईआईएफएल एचएफएल की देनदारी के अधीन होगा. देनदारों का ध्यान एक्ट की सेक्शन 13 की सब स्टेशन (8) के प्रावधानों की ओर आमंत्रित है. यदि देनदार ट्रांसफर या बिक्री हेतु तय तिथि से पहले किसीभी समय लागत, चार्ज व खर्चों सहित 'आईआईएफएल एचएफएल' के बकायों को क्लियर कर देता है तो सिक्योड एसेट को 'आईआईएफएल एचएफएल' द्वारा नहीं बेचा जाएगा व सिक्योर्ड एसेट की ट्रांसफर या बिक्री हेतु 'आईआईएफएल एचएफएल' द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा.

देनदारों/सहदेनदारों का नाम	सिक्योर्ड एसेट अचल संपत्ति विवरण	कुल बकाया....रु.	डिमांड नोटिस तिथि	कब्जा तिथि
श्रीमती कांति यादव, श्री पप्पू यादव (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल10669732)	पटवारी हल्का संख्या 24, खसरा संख्या 138, 800 वर्ग फुट क्षेत्रफल, ग्राम रामपुरमल, तहसील शाहपुर, जिला मध्य प्रदेश 460001, क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: क्षेत्रफल: 800	रुपये 224550/- (रु. दो लाख चौबीस हजार पांच सौ पचास मात्र)	05-01-2026	16-05-2026
श्री अंशुल भलावी श्री फतू भालवी श्रीमती संतरी भलावी (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल10749730)	ओमलसिवनी बैतूल, नीमपानी पधार, मंदिर के पास, बैतूल, मध्य प्रदेश, इंडिया, 460001 एरिया (Sq. Ft. में): प्रॉपर्टी टाइप: लैंड_एरिया, कारपेट_एरिया प्रॉपर्टी एरिया: 900.00, 739.00	रुपये 343521/- (रु. तीन लाख तिरातालीस हजार पांच सौ इक्कीस मात्र)	09-01-2026	16-05-2026
श्री गंगाधर यदुवंशी, श्री मनोज, श्री पन्नू, श्रीमती ममता जय गुरुदेव टेंट और डीजे (प्रॉस्पेक्ट नंबर आईएल10473281)	पटवारी हल्का नंबर 59, खसरा नंबर 103 की वह पूरी संपत्ति, 400 वर्ग फुट क्षेत्रफल, ग्राम देहरी, आमला, बैतूल, मध्य प्रदेश, 460666 में स्थित है. क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति प्रकार: क्षेत्रफल संपत्ति का क्षेत्रफल: 400	रुपये 214479/- (रु. दो लाख चौदह हजार चार सौ उन्यासी मात्र)	05-01-2026	16-05-2026

विवरण हेतु संपर्क- प्रा. अधिकारी **ब्रांच आफिस:** 249, द इनफिनिटी, प्रथम तल, एम.पी. नगर, जोन-2, तुलसी होटल के पास भोपाल-462011 /या **कार्पोरेट आफिस**- प्लॉट नं. 98, फेस-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा.

स्थान- भोपाल, दिनांक- 20-5-2026 **प्रा. अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड**